बरेली, गुरुवार
9 नवंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 30

दैनिक जागरण

PAGE NO :13 MIDDLE

खेल फेस्टिवल में एमआइटी मुरादाबाद बना चैंपियन

- एसआरएमएस में दो दिवसीय एकेटीयू जोनल खेल फेस्टिवल का किया गया आयोजन
- 800 मीटर दौड़ में मुरादाबाद के एमआइटी की प्रवीण व वरदांशी वर्मा रहीं प्रथम

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस में आयोजित दो दिवसीय एकेटीयू जोनल खेल फेस्टिवल 2023 की चैंपियनशिप एमआइटी मुरादाबाद ने अपने नाम कर ली हैं। विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए एमआइटी के प्रतिभागियों ने सर्वाधिक पदक जीते हैं। पदक विजेताओं को एसआरएमएस से जोनल फेस्टिवल के को-आर्डिनेटर डा. सोवन मोहंती और एकेटीयू के आब्जर्वर रंजीत सिंह ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।

एमआइटी मुरादाबाद के प्रवीण कुमार ने बालक और वरदांशी वर्मा ने बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से एसआरएमएस बरेली के अंश चौहान व बालिका वर्ग से केआइटीपीएस मुरादाबाद की डिंपल सैनी अव्वल रहीं। लांग जंप में एसआरएमएस बरेली से बालक वर्ग से केशव कुमार और बालिका वर्ग से अर्चना मिश्रा प्रथम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बैडमिंटन एकल वर्ग में एमआइटी मुरादाबाद के तुषार यादव और दिव्यांशी विश्नोई ने अपने-अपने मुकाबले में जीत हासिल की। बास्केटबाल में एमआइटी मुरादाबाद बालक वर्ग से शिवांश और बालिका वर्ग से अर्चना मिश्रा ने जीत दर्ज की।

एकेटीयू जोनल फेस्टिवल मे पदक विजेता खिलाड़ी • सौजन्य से आयोजक

खो-खो में एमआइटी मुरादाबाद से शाहिल ने बालक व हर्षिता सिंह ने बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। भाला फेंक में बालक वर्ग से एमआइटी मुरादाबाद के शहनवाज और बालिका वर्ग से एसआरएमएस बरेली की काजल पांडेय ने शानदार प्रदर्शन के साथ विजयी प्राप्त की।

चेस प्रतियोगिता में एमआइटी मुरादाबाद से बालिका वर्ग में तान्या सिंह और बालक वर्ग से सत्यम सिंह सर्वाधिक अंक के साथ प्रथम स्थान पर रहे।